**खबर संक्षेप**

### विमला ग्लोबल स्कूल ने फिर रचा इतिहास



**शहडोल।** शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और अनुशासन का पर्याय बन चुके विमला ग्लोबल स्कूल, ब्यौहारी ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का लोहा मनवाया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10 वीं के परीक्षा परिणामों में स्कूल ने लगातार तीसरे वर्ष 100 प्रतिशत रिजल्ट देकर सफलता की हैट्रिक पूरी की है।

**प्रमिला सिंह ने किया क्षेत्र का नाम रोशन** इस वर्ष विद्यालय का प्रदर्शन बेहद गौरवशाली रहा। परीक्षा में शामिल हुए सभी 39 विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया, जिनमें से 31 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा साबित की। छात्रा प्रमिला सिंह ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल में टॉप किया है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय परिवार, बल्कि पूरे ब्यौहारी क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। शेष 8 विद्यार्थियों ने भी द्वितीय श्रेणी में सम्मानजनक सफलता पाई है।

**प्रतिबद्धता और अनुशासन का मिला फल** शहडोल संभाग में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले विमला ग्लोबल स्कूल की इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन में हर्ष की लहर है। विद्यालय के चेयरमैन वीरेश सिंह, डायरेक्टर गुंजन सिंह, सेक्रेटरी प्रभात सिंह, मैनेजर आलोक श्रीवास्तव और प्राचार्य नेहा त्रिपाठी सहित पूरे स्टाफ ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### 200 किलो गांजा जब्ती के दावे के बीच तीन मौतों की गुत्थी बरकरार

# हादसे से खुली तस्करी की परतें, लेकिन मौतों पर उठे सवाल




## पुलिस कार्रवाई तेज, परिजन और जनचर्चा मांग रही पूरी सच्चाई

जैतपुर थाना क्षेत्र के कामता मोड़ पर 13-14 अप्रैल की दरमियानी रात हुए हादसे में तीन लोगों की मौत के बाद मामला केवल सडक़ दुर्घटना तक सीमित नहीं रहा। पुलिस ने एक दिन बाद प्रेस नोट जारी कर 200 किलो गांजा जब्ती और दो आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया, लेकिन मौतों की परिस्थितियों, गायब वाहनों, नगदी, मोबाइल और कई नामों को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हैं।





### तीन मौतों की गुत्थी अब भी बरकरार

**शहडोल। जिले के जैतपुर थाना अंतर्गत कमता मोड़ पर 13 और 14 अप्रैल की दरमियानी रात हुई संदिग्ध दुर्घटना ने जिले में गांजा तस्करी के बड़े नेटवर्क की चर्चाओं को फिर से हवा दे दी है। प्रारंभिक तौर पर यह मामला सडक़ हादसे के रूप में सामने आया, लेकिन तीन लोगों की मौत, वाहन से गांजा बरामदगी, फिर अगले ही दिन पुलिस द्वारा 200 किलो गांजा जब्त करने के दावे ने पूरे घटनाक्रम को गंभीर बना दिया है। अब यह मामला केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि अंतरराज्यीय तस्करी, संदिग्ध मौतों और कई स्थानीय कडिय़ों से जुड़ा दिखाई दे रहा है। घटना की रात पुलिस को सूचना मिली कि कामता मोड़ के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई है।**

मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन से लगभग पांच किलो गांजा बरामद किया और दो वाहनों को जब्त किया। हादसे में तीन लोगों की मौत हुई, जिनमें रोहित शर्मा, सचिन सिंह बघेल और तनुज शुक्ला के नाम सामने आए हैं। रोहित शर्मा को क्षेत्र में लंबे समय से गांजा कारोबार से जुड़े बड़े नाम के रूप में चर्चा में बताया जाता रहा है, जबकि सचिन सिंह बघेल को उसका करीबी और तनुज शुक्ला को कल्याणपुर क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है।

घटना के दूसरे दिन पुलिस की ओर से कोई विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई। इससे तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। बाद में पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के निर्देश पर अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। प्रधान आरक्षक, एएसआई और एसआई स्तर के अधिकारियों की टीमें बनाकर बुढार, जैतपुर और आसपास क्षेत्रों में दबिश दी गई। इसके बाद पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर दावा किया कि दुर्घटनास्थल से मिले सुरागों, फर्जी नंबर प्लेट और अन्य भौतिक साक्ष्यों के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 200 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें शंकर विश्वकर्मा निवासी रामपुर थाना बुढार और हीरा सिंह निवासी डोंगरी टोला शामिल बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये है और यह खेप ओडिशा से लाई जा रही थी, जिसे अन्य राज्यों में सप्लाई किया जाना था। पुलिस ने यह भी कहा है कि कार्रवाई अभी जारी है और पूरे नेटवर्क तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि पुलिस की इस कार्रवाई के साथ-साथ कई सवाल भी उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों और परिजनों के बीच चर्चा है कि हादसे की रात एक से अधिक वाहन सक्रिय थे। बताया जा रहा है कि मुख्य वाहन के साथ अन्य गाडिय़ां भी चल रही थीं, जो सुरक्षा, निगरानी और बैकअप के लिए उपयोग होती हैं। कुछ लोगों का कहना है कि मौके पर चार वाहन और आठ लोगों की मौजूदगी की चर्चा रही, लेकिन पुलिस को केवल दो वाहन ही मिले। परिजनों की ओर से यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि घटना के समय बड़ी रकम भी साथ थी, जो बरामद नहीं हुई। कुछ लोग रकम छह लाख बताते हैं तो कुछ 50 से 60 लाख रुपये तक की चर्चा कर रहे हैं। इसी तरह सुरक्षा के लिए हथियार, कट्टा या बंदूक होने की बातें भी कही जा रही हैं, लेकिन पुलिस को ऐसी कोई बरामदगी नहीं हुई। अलबत्ता जब्त वाहन से एक खाली झोला मिलने की बात कही जा रही है, जिसे लेकर अटकलें हैं कि उसमें नगदी रखी गई होगी। घटना में मृत रोहित शर्मा के परिजनों ने यह भी सवाल उठाए हैं कि उसके दो मोबाइल फोन कहां हैं और क्या वे पुलिस जब्ती में शामिल किए गए हैं या नहीं। यदि मोबाइल फोन और कॉल डिटेल सामने आते हैं तो हादसे की रात किन लोगों से संपर्क हुआ, कौन मौके पर पहुंचा और घटनाक्रम कैसे बदला—इन सवालों के जवाब मिल सकते हैं। मामले में कई अन्य नाम भी चर्चाओं में हैं। इनमें राजू नामक कथित कारोबारी, रेखा नाम की महिला, राहुल निवासी ,रीजनल धनपुरी, बाबू, कृष्णा, विकास तथा पटेल उपनाम के युवक का नाम स्थानीय स्तर पर लिया जा रहा है। शहडोल के कल्याणपुर के भी दो युवक जो मृतक तनुज शुक्ला के गुर्गे थे,हालांकि इन नामों की भूमिका को लेकर पुलिस ने अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना के एक दिन पहले रोहित शर्मा के भदोरिया ढाबा में बैठकर उसके मालिक के साथ शराब पीने की चर्चा भी क्षेत्र में बनी हुई है।सबसे बड़ा प्रश्न अब भी तीन मौतों को लेकर है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि शवों पर मिले कुछ निशान सामान्य दुर्घटना से अलग प्रतीत होते हैं। यह भी सवाल उठ रहा है कि यदि यह मात्र सडक़ हादसा था तो तीनों की मौत किन परिस्थितियों में हुई और वे कुएं तक कैसे पहुंचे। पुलिस की कई टीमें फिलहाल सक्रिय हैं और लगातार दबिश जारी है। यदि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ, मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज, वाहन रूट और आर्थिक लेन-देन की जांच गहराई से हुई, तो आने वाले दिनों में बड़े अंतरराज्यीय गांजा सिंडिकेट का खुलासा संभव है। फिलहाल पूरे जिले की नजर इस बात पर है कि पुलिस तीन मौतों की असली कहानी कब सामने लाती है।

# शहडोल में बिजली बिलों का डिजिटल कायाकल्प



### स्मार्ट मीटरिंग से उपभोक्ताओं की जेब में लौट रही मुस्कान

शहडोल। तकनीक जब जनहित से जुड़ती है, तो बदलाव की इबारत लिखी जाती है। जिले में बिजली क्षेत्र में एक बड़ा डिजिटल चमत्कार देखने को मिल रहा है। मोंटे कार्लो कंपनी द्वारा संचालित स्मार्ट मीटरिंग परियोजना ने जिले में बिजली खपत और बिलिंग की पूरी तस्वीर बदल दी है। अब उपभोक्ताओं को न केवल सटीक बिल मिल रहे हैं, बल्कि सब्सिडी और इंसेंटिव का सीधा लाभ भी उनकी जेब तक पहुँच रहा है।

### सब्सिडी का पावर और इंसेंटिव की बचत

स्मार्ट मीटरिंग के सटीक आंकड़ों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की राह आसान कर दी है। जिले के लगभग 22,150 उपभोक्ता हर महीने अटल गृह ज्योति योजना के तहत बिजली सब्सिडी का सीधा लाभ पा रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि मार्च माह की बिलिंग में 11,264 उपभोक्ताओं को टाइम ऑफ डे टैरिफ का लाभ मिला। ऑफ-पीक ऑवर्स (कम लोड वाले समय) में बिजली इस्तेमाल करने पर उपभोक्ताओं ने कुल 6.34 लाख रुपये की भारी बचत (इंसेंटिव) की है। यह सुविधा पुराने मीटरों में संभव नहीं थी।

**लक्ष्य से आगे निकला शहडोल शहर**

शहडोल शहर ने डिजिटल सशक्तिकरण में कीर्तिमान स्थापित किया है। यहां स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य 100.17 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। शहर के 32,594 के लक्ष्य के मुकाबले 32,650 मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। वहीं बुढ़ार में 10,898 और ब्यौहारी में 6,553 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर की रोशनी पहुंच चुकी है। प्रोग्रेस रिपोर्ट के मुताबिक 1 अप्रैल 2026 तक जिले के 50,101 घरेलू उपभोक्ताओं और 347 ट्रांसफार्मरों को इस स्मार्ट प्रणाली से लैस किया जा चुका है।

**पारदर्शिता से बढ़ा भरोसा**

अब उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत की जानकारी रियल-टाइम में मिल रही है। इससे न केवल बिलिंग की विसंगतियां खत्म हुई हैं, बल्कि लोग अपनी खपत के पैटर्न को समझकर फिजूलखर्ची भी रोक रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्रों के लिए यह तकनीक लागत कम करने में क्रांतिकारी साबित हो रही है। शहडोल में स्मार्ट मीटरिंग का यह पहला चरण न केवल तकनीकी सुधार है, बल्कि यह पारदर्शिता और भरोसे का एक नया युग है, जहाँ उपभोक्ता ही असली पावर है।

# राजस्व मामलों में कोताही बर्दाश्त नहीं: कमिश्नर

**शहडोल।** सुशासन का दावा तभी सच साबित होता है जब फाइलों का निपटारा मेज पर नहीं, जमीन पर दिखे। संभाग की कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शहडोल, अनूपपुर और उमरिया के प्रशासनिक अमले की क्लास लेते हुए साफ कर दिया कि जनता से जुड़ी योजनाओं में किसी भी स्तर पर लेटलतीफी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि नामांतरण, सीमांकन और बंटवारे जैसे राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

### राजस्व अधिकारियों को अल्टीमेटम

कमिश्नर ने सख्त लहजे में कहा कि वरिष्ठ अधिकारी केवल फाइलों की संख्या न गिनें, बल्कि निराकरण की क्वालिटी की भी मॉनिटरिंग करें। अक्सर देखा जाता है कि लोक सेवा गारंटी के तहत आने वाले आवेदनों को तकनीकी आधार पर रिजेक्ट कर दिया जाता है, जिस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि आवेदनों का सकारात्मक निराकरण करें, अनावश्यक रिजेक्शन जनता को परेशान करता है। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री के काम में सुस्ती बरतने वालों को भी गति बढ़ाने की चेतावनी दी गई है।

### खराब हैंडपंपों पर एक्शन मोड

भीषण गर्मी की दस्तक को देखते हुए कमिश्नर ने पेयजल संकट पर प्रिवेंटिव मोड में काम करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन गांवों में जलस्तर गिरने से हैंडपंप दगा दे गए हैं, वहां तत्काल मरम्मत या नए उत्खनन का कार्य शुरू हो। जल जीवन मिशन की पाइपलाइन टूटने या बिजली पंप खराब होने की शिकायत पर त्वरित सुधार किया जाए। कमिश्नर ने नगर निकायों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थलों पर तत्काल प्याऊ शुरू किए जाएं ताकि राहगीरों को राहत मिल सके।मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने शहरी क्षेत्रों के तालाबों की बदहाली पर कड़ा रुख अपनाया।

## नाग तलैया में उमड़ा जनसैलाब, श्रमदान से संवरेगा जल और कल



**शहडोल।** जल ही जीवन है, और इस जीवन को सहेजने के लिए शहडोल नगर अब एक जन-आंदोलन की राह पर चल पड़ा है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुलिस लाइन स्थित ऐतिहासिक नाग तलैया में आस्था और जिम्मेदारी का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### कंधे से कंधा मिलाकर जुटे स्वच्छता के सिपाही


शुक्रवार को नाग तलैया के तट पर जब अधिकारियों से लेकर आम नागरिकों तक ने हाथ में झाड़ू और तगाड़ी उठाई, तो दृश्य देखते ही बनता था। नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों, स्वच्छता मित्रों और ओम सई विजन संस्था के प्रतिनिधियों ने स्थानीय वार्डवासियों के साथ मिलकर सामूहिक श्रमदान किया। घंटों चले इस अभियान में तालाब के भीतर और आसपास जमा कचरे को निकाला गया और जल स्रोत को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया गया।

### सिर्फ अभियान नहीं, एक नैतिक कर्तव्य

इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। उपयंत्री एस.के. तोमर और स्वच्छता निरीक्षक अनिल महोबिया ने कहा कि जल स्रोतों को बचाना केवल प्रशासन की फाइल का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। अभियान का लक्ष्य 19 मार्च से 30 जून 2026 तक नगर के सभी प्रमुख तालाबों का कायाकल्प करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट का सामना न करना पड़े।

### बनें इस बदलाव का हिस्सा

नगर पालिका प्रशासन ने शहरवासियों से भावुक अपील की है कि वे जल स्रोतों के संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम में नगर पालिका के अमले, स्वच्छता मित्रों और जागरूक वार्डवासियों ने यह साबित कर दिया कि यदि इच्छाशक्ति हो, तो शहर की हर तलैया अमृत सरोवर बन सकती है। हमने आज जल को सहेजने का जो बीज बोया है, वही कल हमारी प्यास बुझाएगा। नाग तलैया में हुआ यह श्रमदान शहडोल के जागरूक नागरिकों की जीत है।




# अन्नदाता की बेरुखी या प्रशासन की नाकामी?








### 9 हजार पंजीयन पर सिर्फ 400 स्लॉट बुकिंग सुविधाओं के अकाल के बीच कागजों पर हो रही गेहूं खरीदी

**शहडोल।** प्रदेश सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की जमीनी हकीकत जिले में पहले ही दिन तार-तार होती नजर आई। प्रशासन ने 15 अप्रैल से रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए खरीदी शुरू करने का ढोल तो जोर-शोर से पीटा, लेकिन धरातल पर यह डिजिटल इंडिया की मशीनरी नहीं, बल्कि अव्यवस्थाओं की बैलगाड़ी नजर आ रही है। कहीं केंद्रों पर ताले लटके मिले, तो कहीं जिम्मेदार कर्मचारी नदारद रहे।

जिले के कई खरीदी केंद्रों, विशेषकर बुढ़ार केंद्र पर जब हमारी टीम पहुंची, तो वहां का नजारा चौंकाने वाला था। शासन के सख्त निर्देश हैं कि केंद्रों पर किसानों के लिए छाया हेतु टेंट, ठंडे पानी की व्यवस्था और ऑनलाइन एंट्री के लिए कंप्यूटर सिस्टम दुरुस्त होने चाहिए, लेकिन हकीकत में यहां धूल उड़ रही थी। न तो किसान दिखे और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी। केंद्रों पर फैली गंदगी और ताले यह कह रहे थे कि कागजी तैयारियों और जमीनी हकीकत के बीच मीलों का फासला है।

जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल के अनुसार, शासन ने इस बार गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जिसमें 40 रुपये का बोनस जोडक़र किसानों को 2625 रुपये प्रति क्विंटल देने का वादा है, लेकिन यह आकर्षक दाम भी किसानों को केंद्रों तक खींचने में नाकाम रहा है। कुल पंजीयन- 9,526 किसान, स्लॉट बुकिंग- महज 418 (13 अप्रैल तक) यह आंकड़ा बताने के लिए काफी है कि विभाग किसानों का विश्वास जीतने में पूरी तरह विफल रहा है। आखिर क्या वजह है कि 9 हजार से ज्यादा किसानों में से केवल 4 प्रतिशत ने ही खरीदी में रुचि दिखाई?

पड़ताल में इसके दो मुख्य कारण सामने आए हैं, इस समय जिले का किसान खेतों में गेहूं की कटाई और उसे सुरक्षित करने में जुटा है। बिना लेबर और समय के अभाव में केंद्र तक पहुंचना उसके लिए चुनौती है। शहडोल आदिवासी बाहुल्य जिला है, यहां अन्य जिलों की तुलना में गेहूं का रकबा और पैदावार कम होती है। किसान इस फसल में इतनी रुचि नहीं दिखा रहे कि वे केंद्रों की अव्यवस्था और लंबी लाइनों का सामना करें।

जब फजीहत की खबरें बढऩे लगीं, तो जिला खाद्य नियंत्रक विपिन पटेल और वेयरहाउस प्रबंधकों की टीम ने मोर्चा संभाला। सिंहपुर गोदाम और स्वीट होम खरीदी केंद्र के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दावा किया कि वहाँ पंखा और पानी की व्यवस्था उपलब्ध है। यहां 2 किसानों के गेहूँ का सर्वेयर द्वारा परीक्षण कराया गया और गुणवत्ता सही पाए जाने पर तौल शुरू की गई। इसी तरह स्काईलाइन वेयरहाउस, छतवई समिति, सुहागपुर समिति और नरसरहा गोदाम नंबर-05 का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुधारने के दावे किए गए। शहडोल में गेहूं खरीदी की शुरुआत सरकारी दावों के विपरीत बेहद सुस्त और अव्यवस्थित रही है। यदि समय रहते स्लॉट बुकिंग की रफ्तार नहीं बढ़ी और केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं नहीं सुधारी गईं, तो सरकार का बोनस वाला दांव भी इस आदिवासी अंचल में फेल साबित हो सकता है। फिलहाल, किसानों की चुप्पी और सूने पड़े केंद्र प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गहरा सवालिया निशान लगा रहे हैं।

### इनका कहना है...

जिले में गेहूं के प्रति किसानों की रुचि कम है, यही कारण है कि गेहूं की खेती कम होती है, इसी के चलते स्लॉट भी बुक नहीं हुए है, जिले के सामतपुर में बस गेहूं का उत्पादन अधिक है, रही बात बुढ़ार की तो बुढ़ार में केशवाही, झींकबिजुरी में किसानों ने अभी तक स्लॉट बुक नहीं कराया है।

**विपिन पटेल**
**खाद्य आपूर्ति अधिकारी, शहडोल**


















# भारत माता का परिणामः गौरव बढ़ाया

## कक्षा 12वीं एवं 10वीं का उत्कृष्ट रहा स्थान

**शहडोल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश द्वारा घोषित कक्षा 12वीं एवं कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। भारत माता सेकेंडरी स्कूल पांडवनगर शहडोल के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल छा गया। इस वर्ष भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्राचार्य किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे विद्यालय के कक्षा 12वीं में छात्र अक्षत गुप्ता पिता मनोज गुप्ता ने 91.6 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं पद्मा मिश्रा ने 91 फीसदी एवं शुभी गौतम ने 90 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया हैं। इसी प्रकार कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

कक्षा 10वीं में शशांक गुप्ता ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं तमन्ना ने 91 प्रतिशत, दुर्गेश्वरी पनिका ने 88 फीसदी तथा शिफ्टेन खान ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। विद्यालय के प्राचार्य किशोर श्रीवास्तव एवं शिक्षको ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा रहा है, विद्यालय निरंतर नई ऊंचाइयों पर जाने प्रयासरत है।

### विद्यालय का नाम किया रोशन

मनोज टीवीएस शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता व श्रीमती आरती गुप्ता(पार्षद) के सुपुत्र अक्षत गुप्ता ने कक्षा-12 वीं में 91.6 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। ज्ञात हो कि अक्षत की बहन अनन्या गुप्ता ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। वह अभी इंदौर के एमजीएम कॉलेज में एमबीबीएस की छात्रा हैं। प्राचार्य ने कहा कि छात्रों के मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम आज मिसाल बनकर उभरा है।इस उपलब्धि पर अभिभावकों ने भी छात्रों को बधाई दी हैं।

# शहडोल संभाग कैट कोर ग्रुप की बैठक संपन्न




**शहडोल। शहर के होटल लेवल-वन में कांन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) शहडोल संभाग के कोर ग्रुप की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहडोल संभाग प्रभारी मनोज गुप्ता उपस्थित रहे।**

बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता ने शहडोल संभाग के अंतर्गत आने वाले तीनों जिलों शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर के जिला अध्यक्षों और महामंत्रियों को शीघ्र जिला कार्यसमितियों एवं नगर कार्यकारिणी के गठन के निर्देश दिए। इस पर संभागीय अध्यक्ष प्रेम जगवानी ने जानकारी दी कि शहडोल एवं उमरिया जिलों की कार्यसमितियों का गठन पूर्ण हो चुका है, जबकि अनूपपुर जिले में भी जल्द ही गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए पदाधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि आगामी समय में शहडोल एवं उमरिया में संभागीय स्तर की एक बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी, जिससे संगठन को और विस्तार दिया जा सके।

बैठक में प्रदेश मंत्री पदम खेमका, प्रकाश जगवानी, प्रकाश अवधिया, संभागीय अध्यक्ष प्रेम जगवानी, शहडोल जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता बंटी,उमरिया जिला अध्यक्ष कीर्ति सोनी, महामंत्री अश्विनी वाधवा, अश्विनी गुप्ता, ब्यौहारी नगर अध्यक्षनीरज गुप्ता, खन्नौधी नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता सहित संभाग एवं जिला स्तर के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शहडोल नगर अध्यक्ष दिलीप लहोरानी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया, जबकि बैठक का संचालन योगेश गुप्ता द्वारा किया गया।

# शासकीय कार्यालियों में स्व- गणना को प्रोत्साहित करने एवं सहायता डेस्क स्थापित करने के दिए गए निर्देश

**उमरिया।** भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रारंभ हो चुकी है। इस प्रक्रिया को अधिक सुगम,त्वरित और सटीक बनाने हेतु नागरिकों के लिए स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया गया है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि स्व-गणना पोर्टल 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक खुला रहेगा। उन्होने लक्ष्यों को समय सीमा में पूर्ण करने हेतु समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा है कि स्व-गणना सहायता डेस्क की स्थापना प्रत्येक कार्यालय के प्रवेश द्वार या स्वागत कक्ष पर एक स्व-गणना सहायता डेस्क अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाए,जहाँ आने वाले नागरिकों को ऑनलाइन डेटा प्रविष्टि और 16-अंकीय एसईआईडी प्राप्त करने में मार्गदर्शन दिया जा सके। अधिकारी/कर्मचारी सहभागिताः विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से स्वयं के परिवार की स्व-गणना पोर्टल पर पूर्ण करेंगे। यह 1 मई से शुरू होने वाले भौतिक सर्वेक्षण के दौरान प्रगणकों के कार्यभार को कम करने में सहायक सिद्ध होगा। जागरुकता एवं प्रचार-प्रसारः कार्यालय परिसर के सूचना पटल पर पोर्टल की जानकारी एवं प्रक्रिया से संबंधित बैनर/पोस्टर प्रदर्शित किए जाएँ। एसईआईडी का महत्व रू नागरिकों को अवगत कराया जाए कि पोर्टल पर जानकारी भरने के उपरांत प्राप्त 16-अंकीय एसईआईडी को सुरक्षित रखें और प्रगणक के घर आने पर उन्हें अनिवार्य रूप से दिखाएं। यह कार्य राष्ट्रीय महत्व का है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए। उन्होने निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए कि गई कार्यवाही से कार्यालय को अवगत कराने की

# मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के प्रश्न के संबंध में प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों को दिया गया प्रशिक्षण





**उमरिया।** जनगणना 2027 के तहत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना के प्रश्न के संबंध में प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों को प्रशिक्षण पाली, नौरोजाबाद एवं मानपुर में दिया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों व्दारा प्रश्नो पर विस्तृत चर्चा, उत्तर कैसे भरे, डीसीओ कुछ राज्य विशिष्ट उदाहरण शामिल कर सकते है, मकानसूचीकरण प्रश्न , लोकेशन विवरण कैसे भरे, लाइन क्रमांक, भवन संख्या, जनगणना मकान संख्या, स्वगणना संदर्भ आई डी , भवन एवं जनगणना मकान, फर्श की मुख्य सामग्री, दीवार की सामग्री, दीवार और छत, जनगणना मकान का वास्तविक उपयोग, जनगणना मकान कि स्थिति, परिवार क्रमांक, कुल व्यक्तियो की संख्या, परिवार के मुखिया से संबंधित जानकारी, मकान के स्वामित्व की स्थिति, आवास हेतु उपलब्ध कमरो की संख्या आदि के बारे में बताया गया।

# नवांकुर संस्था पैगाम फाउंडेशन द्वारा किया गया दीवार लेखन



**उमरिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक संचालित किया जा रहा है । शासन के इस महत्वकांक्षी अभियान में म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है तथा अभियान के माध्यम से नागरिकों को जल संवर्धन एवं जल संरक्षण के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत उमरिया जिले के विभिन्न शहर तथा ग्रामीण अंचलों में म0प्र0 जन अभियान परिषद जिला उमरिया की नवांकुर संस्था पैगाम फाउंडेशन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान नगर के चारों तरफ चौंक चौराहे,बस्ती,कलेक्ट्रेट,बस स्टैंड,धार्मिक स्थलों पर बृहद दीवारों पर जल संवर्धन एवं जल संरक्षण संबंधी स्लोगन लिखकर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। नवांकुर संस्था पैगाम फाउंडेशन के अध्यक्ष योगेश खंडेलवाल ने कहा कि जल की एक एक बूंद का संवर्धन करना हम सभी का दायित्व है। जल ही जीवन माना गया है। इसलिए आवश्यक है कि जल को संरक्षित करें। दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण है मेरा सपना, ताकि खुशहाल बने म0प्र अपना।रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे, मोती, मानुष, चून, दादा - दादी करे गुहार, जल बचाओ बारंबार। शिक्षा ज्ञान बढ़ाती है, पानी जान बचाती है का संदेश दिया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत बरदढार में किया गया बोरी बंधान का कार्य





**उमरिया।** प्रदेश शासन के आव्हान पर उमरिया जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। दीवार लेखन,बोरी बंधान,तालाब गहरीकरण के कार्य अभियान के दौरान किए जा रहे हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा विकासखंड पाली के ग्राम पंचायत बरदढार में जल संरक्षण को लेकर एक प्रभावी पहल की गई । सुरक्षित जल समृद्ध कल की थीम पर आयोजित इस अभियान के अंतर्गत भुतहा नाला में बोरियों से बोरी बंधान का निर्माण कार्य किया गया यह कार्य ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति और नवांकुर संस्था मां वैभव लक्ष्मी सेवा समिति सेक्टर क्रमांक 05 चौरी के तत्वाधान में सामुदायिक सहभागिता से सम्पन्न हुआ। बोरी बंधान का मुख्य उद्देश्य बहते हुए जल को रोककर उसका संचयन करना है जिससे ग्रीष्म ऋतु में जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके इसके माध्यम से न केवल पशु पक्षियों एवं स्थानीय नागरिकों को पानी मिलेगा बल्कि भू जल स्तर में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बरदढार सरपंच पुरुषोत्तम सिंह,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से अमर सिंह विद्या धुर्वे,वीरेंद्र सिंह,अयोध्या सिंह सिंह , ऊषा सिंह, सखियां बाई ,वीरेंद्र सिंह नवांकुर प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह,परामर्शदाता अर्चना मिश्रा उपस्थित रहे।

# रोहन जैन ने यूपीएससी में 758 वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम किया गौरवान्वित



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के व्यापारी एवं जैन समाज के राजेश कुमार जैन के सुपुत्र रोहन जैन ने संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की वर्ष 2025-26 की परीक्षा में 758 वीं रैंक हासिल कर नगर, समाज एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। बुधवार को नगर आगमन पर स्टेशन पहुंचकर जैन समाज के एवं नागरिकों ने ढ़ोल बाजे और माला पहनाकर स्वागत किया। और वहां से रैली के रूप मे महावीर मार्ग स्थित दिगम्बर जैन मंदिर मे भगवान के दर्शन पश्चात घर पर जोरदार स्वागत किया गया।

# शिप्रा शर्मा ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया नगर का गौरव



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** शासकीय मॉडल स्कूल कोतमा की कक्षा 12वीं की छात्रा शिप्रा शर्मा पिता राकेश शर्मा ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया। शिप्रा शर्मा के जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने छात्रा को सम्मानित किया इस अवसर पर छात्रा के अभिभावक, जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मां, एसी श्रीमती सरिता नायक, एपीसी देवेश बघेल, विद्यालय की शिक्षक श्रीमती रजनी कुमारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार शासकीय संदीपनि सीएम राईज विद्यालय बदरा कक्षा 12 वीं में आकांक्षा उपाध्याय ने 93 अंक से जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। गुरुवार को कलेक्टर हर्षल पंचोली के द्वारा छात्रा को सम्मानित किया गया।

# चालीस साल पुराना हाई स्कूल भवन जर्जर इंजीनियर बता चुका है कंडम, नहीं कर रहे धराशायी



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अनुपपुर विकास खंड के देवगवां गांव मे स्थिति शासकीय हाई स्कूल का भवन लगभग चालीस साल पुराना हो गया है जो अत्यंत ही जर्जर हालत मे है। बताया जाता है कि जर्जर भवन चीप गाटर से बना था जो काफी पुराना होने के कारण कभी भी धरासाई होकर गिर सकता है। टपकता पानी, 40 साल पुराना जर्जर स्कूल भवन एक गंभीर सुरक्षा के लिए खतरा है। चीप गाटर से बनाया गया भवन अब गिरने की कगार पर है। हाईस्कूल भवन मे चार से पांच कमरे एवं आफिस के साथ ही बरामदा बना हुआ है। बरामदे मे लगी टीन की चद्दर भी जंग खाकर टूट रही है। बताया जाता है कि हाईस्कूल की कक्षाएं हायर सेकंडरी स्कूल के भवन मे संचालित किया जा रहा है। यदि कभी बच्चों की संख्या ज्यादा हो गई तो पुराने भवन मे यदि बच्चों को बैठाया गया तो वह सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक साबित हो सकता है।

### गिराने की दे चुके हैं रिपोर्ट

तीन साल पहले इंजीनियर के द्वारा भवन को कंडम घोषित किया जा चुका है। इंजीनियरिंग रिपोर्ट के बावजूद भवन को कंडम घोषित न करना और न गिराना छात्रों की जान के साथ खिलवाड़ है। जिले में ऐसे जर्जर भवनों में पढ़ाई जारी रहने से बच्चों में सांप कीड़ों का डर और हादसों की आशंका बनी रहती है। बताया जाता है कि यह कंडम भवन एक ही परिसर मे बना हुआ है। शिक्षा विभाग के सूत्रों ने बताया कि जिला शिक्षा विभाग से भवन को गिराये जाने को लेकर भोपाल तक पत्राचार किया जा चुका है। जर्जर भवनों की छतें, प्लास्टर और खिड़कियां टूट रही हैं, एक ही परिसर मे बने होने के कारण छात्रों को कभी भी चोट लग सकती है। प्रशासनिक लापरवाही कई मामलों में इंजीनियरों द्वारा असुरक्षित घोषित करने के बाद भी इन्हें तोड़ा नहीं जा रहा है, जिससे वे धराशायी होने की कगार पर हैं।

### शिक्षा पर प्रभाव

जर्जर भवनों के कारण छात्रों को डर के माहौल में पढ़ना पड़ता है या कक्षाएं प्रभावित होती हैं। क्रियान्वयन में देरी जर्जर भवन गिराए जाने के बाद भी नए भवन बनने में कई महीने लग जाते हैं, जिससे पढ़ाई बाधित होती है। शिक्षा विभाग को ऐसे भवनों को तुरंत कंडम घोषित कर हटाना चाहिए। विद्यालय के जिम्मेदारों ने बताया कि कंडम भवन की जानकारी हमारे द्वारा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार पत्राचार के माध्यम से कर चुके हैं यहां तक की इंजीनियर के द्वारा हाई स्कूल के भवन को 3 साल पहले कंडम घोषित किया जा चुका है बावजूद इसके आज तक भवन को नहीं गिराया गया।

### आदेश बेअसर

जिला कलेक्टर के द्वारा जिले में स्थित जर्जर शासकीय भवनों स्कूलों आंगनवाड़ी भावनाओं की जानकारी मांगते हुए ऐसे भवन जो काफी पुराने हो गए हैं और जर्जर हालत में है उन भवनों को धराशाई करने के निर्देश भी दिए जा चुके हैं बावजूद इसके कलेक्टर का आदेश भी बेअसर साबित होता नजर आ रहा है। विगत दिनों जिले के कोतमा में चार मंजिला भवन धराशाई होकर गिर गया था जिसके कारण तीन लोगों की मौत हो गई थी वहीं कई लोग घायल हो गए थे जिसके कारण प्रशासन के द्वारा नगर पालिका के उपयंत्री एवं राजस्व अधिकारी को निलंबित भी किया जा चुका है उसके बाद भी जिला प्रशासन इतना बड़ा हादसा होने के बाद भी सीख नहीं ले रहा है क्या फिर से प्रशासन को कोई बड़ी दुर्घटना होने का अंदेशा है। यह ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

### इनका कहना

हाई स्कूल का भवन लगभग 40 साल पुराना है जो जर्जर हालत में है, 3 साल पहले इंजीनियर के द्वारा उस भवन को कंडम घोषित किया जा चुका है लेकिन आज तक भवन को गिराया नहीं गया। हायर सेकेंडरी स्कूल के भवन में हाई स्कूल की कक्षाएं संचालित करवाई जा रही है।

**एसएम साकिर, प्रभारी प्राचार्य**
शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल देवगवां

एन.एच 43 के ढाबो में परोसी जा रही शराब

# शाम ढलते ही जमती है महफिल, पुलिस से कार्यवाही की अपेक्षा

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** क्षेत्र मे अवैध शराब का व्यापार तेजी से पनप रहा है वही एनएच 43 कोतमा के बुढानपुर तिराहा केशवाही तिराहा के आगे एचपी पेट्रोल पंप के आसपास स्थित ढावों में शाम ढलते ही शराबियों की महफिल जमती है और खुलेआम जाम से जाम छलकाये जाते हैं बिना किसी डर भय के ढाबा संचालक अवैध शराब का विक्रय कर रहे हैं और यहीं बैठकर शराबी खुलेआम शराबखोरी करते हैं इस संबंध में अनेको बार स्थानीय आबकारी विभाग का ध्यान आकर्षित कराया गया परंतु इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। बिना किसी भय के ये ढाबा संचालक खुलेआम अवैध शराब का विक्रय कर रहे हैं शाम ढलते ही इन संचालित ढाबो में शराबियों का हुजूम लगता है और खुलेआम महफिल जमा कर जाम से जाम छलकते हैं इसके बाद यहां लड़ाई झगड़ा व अन्य आपराधिक घटनाओं की शुरुआत होती है। नगर के प्रबुद्ध जनों ने इस ओर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से ध्यान देने की मांग की है।

### व्यापारी व सभ्य समाज के लोग परेशान

जहां एक और प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव द्वारा प्रदेश की जनता को नशा से मुक्ति दिलाने के लिए तरह-तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं वहीं क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 सहित बस स्टैंड के आगे रिहायशी क्षेत्र मे सड़क किनारे शाम ढलते ही जमकर शराबखोरी हो रही है जिससे सभ्य समाज के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है शराबियों द्वारा आए दिन खुलेआम शराबखोरी कर लड़ाई झगड़ा व समाज को शर्मसार कर देने वाली हरकतें की जाती है इनके आतंक से मुक्ति दिलाने हेतु अनेकों बार गांव का प्रबुद्ध समाज एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मोहनी धर्मेंद्र वर्मा के द्वारा स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया परंतु इन शराबियों के ऊपर ठोस कार्यवाही न होने के कारण इनके हौसले बुलंद है। भाजपा नेता धर्मेंद्र वर्मा का कहना है की शाम ढलते ही यह शराबी जाम से जाम टकराते हैं चाय पान की होटल दुकाने शाम के वक्त मयखाने में तब्दील हो जाती हैं और यहां का वातावरण बहुत ही गंदा हो जाता है। इस दिशा में थाना प्रभारी से आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

### महिलाओं का घर से निकला मुश्किल

नगर के वार्ड क्रमांक 4 बस स्टैंड के आगे स्थित देशी अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान को रिहायसी क्षेत्र से हटाए जाने को लेकर जिला कलेक्टर सहित जिला आबकारी अधिकारी को स्थानीय वासियों ने ज्ञापन देते हुए मांग की थी कि रिहायशी क्षेत्र में शराब दुकान होने के कारण घरों के आसपास छोटे-छोटे कई होटल संचालित है जिसमें सुबह से लेकर देर रात तक शराब खोरी के साथ ही लड़ाई झगड़ा करते हुए गाली गलौज किया जाता है यहां तक की महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल है इन शराबियों एवं असामाजिक तत्वो के द्वारा महिलाओं को देखकर छीटा कशी की जाती है। जिसके कारण महिलाओं का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। ज्ञापन के माध्यम से देशी अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान को अन्य हटाए जाने की मांग भी की गई थी लेकिन प्रशासन के द्वारा उन मांगों पर आज तक ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण आसपास के रहवासी परेशान है।

## खबर संक्षेप

### मप्र आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के तत्वाधान में आयोजित की गई डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की 135 वी जयंती 14 अप्रैल को मध्य प्रदेश आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ शाखा चचाई के तत्वाधान में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत वाहन रैली एवं बाबा साहब की शोभा यात्रा से की गई, वाहन रैली अंबेडकर पार्क से शुरू होकर काली मंदिर से डीडी कॉलोनी होते हुए अटल चौक होकर चचाई मार्केट के पश्चात वापस अंबेडकर पार्क पर आकर पूर्ण हुई, शोभा यात्रा के दौरान विद्युत नगरी जय भीम के नारों से गूंज उठा, शोभा यात्रा एवं रैली के पश्चात सायं 8 बजे से संघ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि तनवीर अहमद कार्यपालक निदेशक एवं अन्य विशिष्ट अतिथियो द्वारा बाबा साहेब एवं बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं फूल माल्यार्पण एवं वंदना के साथ शुरू हुआ तत्पश्चात छोटे बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस, स्पीच एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तनवीर अहमद कार्यपालक निदेशक द्वारा डॉ अंबेडकर द्वारा विकसित भारत के निर्माण में योगदान एवं भारतीय संविधान का निर्माण कर समानता बंधुता एवं धर्म निरपेक्षता का जो संदेश दिया गया उसको हमे पालन करना चाहिए और बाबा साहेब के विचारों से सीख लेकर उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। अतिरिक्त मुख्य अभियंता विजय देब द्वारा बाबा साहब के भारत के विकास में योगदान को याद किया गया एवं अन्य विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह, डीएस राव, डीआर बांधव, रामसेवक प्रजापति सेवानिवृत प्राचार्य द्वारा बाबा साहब के भारत के विकास में योगदान को याद किया गया। आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ शाखा चचाई के अध्यक्ष सुनील कोरी द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि व पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।

### 18 अप्रैल को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**उमरिया।** राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक 18 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार उमरिया में आयोजित कि गई है। बैठक में राजस्व वसूली (वर्ष 2025-26 के लक्ष्य के विरूद्ध प्राप्ति) , आर.सी.एम.एस. पोर्टल में बटवारा,नामांतरण,सीमांकन प्रकरण की स्थिति , न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा,प्रधानमंत्री किसान आधार पर बैंक खाता लिकिंग,प्रधान मंत्री किसान ई-केवायसी,फार्मर रजिस्ट्री, अभिलेख दुरुस्तगी, आर.आर.सी. वसूली , सी.एम. हेल्पलाईन पर चर्चा की जाएगी ।

### विपरीत परिस्थितियों से समाधान पाने के लिए टेली मानस में कर सकते हैं कॉल

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं मनोरोग चिकित्सक डॉ व्ही एस चंदेल ने कहा है कि उदासी,चिंता, तनाव,नींद की समस्या,नशे से संबंधित समस्या,रिश्तो में परेशानी,किशोर किशोरियों में परीक्षा के परिणाम का तनाव, परिवार से जुड़ी समस्याएं, याददाश्त से जुड़े मुद्दे,पैसों की चिंता या अन्य आत्महत्या से जुड़े विचार मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं जैसी विपरीत परिस्थितियों से समाधान पाने के लिए अब टैली मानस को कॉल किया जा सकता है । उन्होने बताया कि यह टोल फ्री नंबर 24 घंटे उपलब्ध है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जिला चिकित्सालय में मनकक्ष स्थापित किया गया है।

### 24 घंटे में बरामद हुई अपहृत छात्रा, विधि विरुद्ध बालक सलाखों के पीछे

**बुढ़ार/केशवाही।** मासूमों और नाबालिगों के खिलाफ अपराध करने वालों के लिए शहडोल पुलिस अब काल साबित हो रही है। बुढ़ार थाना क्षेत्र के केशवाही चौकी पुलिस ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवाते हुए महज 24 घंटे के भीतर अपहरण की शिकार एक 10वीं की छात्रा को न केवल सुरक्षित दस्तयाब किया, बल्कि आरोपी को भी दबोच लिया है। मामला 13 अप्रैल का है, जब 16 वर्षीय छात्रा स्कूल से रिजल्ट लेने के बहाने घर से निकली, लेकिन साजिश का शिकार होकर वापस नहीं लौटी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल धारा बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जाल बिछाया। चौकी प्रभारी गंगा सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और 14 अप्रैल को ही बालिका को सकुशल बरामद कर लिया।

---

**वीडियो वायरल के बाद भी नहीं जागी नगर पालिका, नाली का पानी पाइप लाइन में मिलने की आशंका; सड़क, लाइट और खुदाई ने बढ़ाई मुसीबत**

# पाइप लाइन से आ रहा गंदा पानी वार्ड 22 में लोगों का फूटा गुस्सा



**धनपुरी।** नगर पालिका की लापरवाही अब सीधे लोगों की सेहत से खिलवाड़ करती नजर आ रही है। घर-घर पानी पहुंचाने की योजना कागजों में भले सफल हो, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि वार्ड नंबर 22 में नलों से साफ पानी नहीं, बल्कि दूषित और बदबूदार पानी निकल रहा है।

हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि पानी सप्लाई शुरू होते ही लंबे समय तक काला और गंदा पानी बहता रहता है। इसके बाद धीरे-धीरे पानी साफ होता है, लेकिन तब तक लोगों के मन में डर बैठ चुका होता है। वार्डवासियों ने इस गंभीर समस्या का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है, जिसने नगर पालिका की कार्यप्रणाली की पोल खोल दी है।

"पाइपलाइन में नाली का पानी" – बड़ा खतरा स्थानीय लोगों और जानकारों का मानना है कि कहीं न कहीं पाइपलाइन में लीकेज है, जिससे नाली का गंदा पानी सप्लाई लाइन में मिल रहा है। यही कारण है कि शुरुआत में दूषित पानी निकलता है। यह स्थिति सीधे तौर पर बीमारियों को न्योता दे रही है।

### शिकायतें ढेर, समाधान शून्य

नगर व्यापारी संघ अध्यक्ष अजय जायसवाल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि शिकायतों का अंबार लग चुका है, लेकिन समाधान के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। पाइपलाइन बदलने के बाद भी समस्या जस की तस है। लोग मजबूर होकर अपनी जेब से हजारों रुपए खर्च कर रहे हैं, लेकिन राहत नहीं मिल रही।

"साफ पानी नहीं दे सकते तो गंदा भी न दें" श्रमिक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम सिंह ने नगर पालिका पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सीधे-सीधे जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। अगर प्रशासन साफ पानी देने में सक्षम नहीं है, तो कम से कम दूषित पानी की सप्लाई तुरंत बंद करे।

### शहर की हालत बदहाल – सड़कें खोदी, लाइट बंद

पानी की समस्या के साथ-साथ वार्डों में सड़क और प्रकाश व्यवस्था भी पूरी तरह चरमराई हुई है। जगह-जगह खुदी सड़कों ने लोगों का चलना मुश्किल कर दिया है, वहीं स्ट्रीट लाइट बंद होने से रात में अंधेरा पसरा रहता है।



### खुले गड्ढे बने जानलेवा जाल

एडवोकेट सुजीत जैन ने बताया कि वार्ड नंबर 18 में आजाद चौक से माइकल चौक तक नाली निर्माण के लिए खुदाई की गई, लेकिन एक हफ्ते बाद भी गड्ढे खुले पड़े हैं। लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं, जानवर गंदगी फैला रहे हैं और प्रशासन पूरी तरह मौन है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अगर जल्द काम पूरा नहीं हुआ, तो बड़ा हादसा तय है।

### अंतिम बात

धनपुरी में हालात ऐसे बन गए हैं कि लोग अब पानी पीने से पहले भी डरने लगे हैं। दूषित पानी, टूटी सड़कें और अंधेरे में डूबे वार्ड—ये सब नगर पालिका की लापरवाही की कहानी बयां कर रहे है।

---

**कांग्रेस संगठन की नई टीम घोषितः**

# अनुभवी चेहरों को मिली कमान, हनुमान कोषाध्यक्ष सुजीत उपाध्यक्ष, राजेश बने जिला महामंत्री





**बुढार।** जिला कांग्रेस कमेटी ने अपनी नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस नई टीम के गठन में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से पुराने अनुभवी और सक्रिय चेहरों पर भरोसा जताया गया है।

### नई टीम का मुख्य उद्देश्य

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी निर्देशन में नवागत कार्यकारिणी का मुख्य लक्ष्य जिले में कांग्रेस संगठन को धार देना, जनसमस्याओं को प्रखरता से उठाना और पार्टी की विचारधारा व नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है।

### महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ

जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए निम्नलिखित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैंःहनुमान खंडेलवालः जिला कोषाध्यक्ष,सुजीत सिंह चंदेलः जिला उपाध्यक्ष,राजेश चमड़ियां जिला महामंत्री के पद पर मनोनित किया है।

### पदाधिकारियों ने जताया संकल्प

सुजीत सिंह चंदेल नवागत जिला उपाध्यक्ष ₹मैदानी स्तर पर कार्य करने के पुराने अनुभव के साथ अब मुझे जिले का बड़ा दायित्व मिला है। मैं पूरी निष्ठा के साथ इस जिम्मेदारी का निर्वहन करुंगा और पार्टी की नीतियों को हर घर तक पहुंचाने का कार्य करुंगा।

राजेश चमड़ियां जिला महामंत्री ₹विगत 10 वर्षों से कांग्रेस मंडलम के दायित्व को मैंने पूरी ईमानदारी से निभाया है। अब जिला टीम में कार्य करने का जो अवसर मिला है, उसे मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पूरा करूंगा।₹ पार्टी को उम्मीद है कि अनुभवी नेताओं के इस तालमेल से आगामी समय में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस जिले में मजबूती से उभरकर सामने आएगी।

### लोगो को वितरित किया गया एफटीके किट, जल का बताया गया महत्व

**शहडोल।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड शहडोल एस. एल. धुर्वे ने बताया कि विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से जल परीक्षण हेतु ग्राम विक्रमपुर, चिटुहिला एवं बरतरा में एफटीके किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगो को एफटीके किट के माध्यम से पेयजल स्त्रोतों की गुणवत्ता परीक्षण की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के संबंध में जागरूक करते हुए नियमित जल परीक्षण हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से विकासखंड समन्वयक दीप नारायण त्रिपाठी, पीएमयू स्टाफ एवं आईईसी समन्वयक रोहणी कुमार बर्मन उपस्थित रहे।

---

# बकहो नगर परिषद में एल्डरमैन नियुक्ति पर खेल? जिम्मेदारों की चुप्पी से उठे गंभीर सवाल

**अमलाई। नगर परिषद बकहो में एल्डरमैन पदों पर की गई घोषणा के बावजूद अब तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं होना कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। घोषित नामों में पंकज नापित (वार्ड 01), अनिल वर्मा (वार्ड 04), राहुल जैन (वार्ड 04) एवं रजनीश प्रसाद मिश्रा (वार्ड 09) शामिल हैं, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से अब तक इन्हें आधिकारिक रूप से पदभार नहीं सौंपा गया है।नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) की भूमिका इस पूरे मामले में संदेह के घेरे में आ गई है।**

आखिर ऐसी क्या वजह है कि घोषणा के बाद भी नियुक्ति की प्रक्रिया को जानबूझकर लटकाया जा रहा है?स्थानीय स्तर पर यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि कहीं जिम्मेदार अधिकारी अपने ही क्रियाकलापों को उजागर होने से बचाने के लिए नियुक्ति प्रक्रिया में देरी तो नहीं कर रहे। यदि एल्डरमैन की नियुक्ति हो जाती है तो परिषद के कार्यों की निगरानी बढ़ेगी और कई अहम मुद्दे सामने आ सकते हैं, जिससे कुछ लोगों की असुविधा बढ़ सकती है।क्षेत्रवासियों में इस मुद्दे को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि एक सोची-समझी रणनीति भी हो सकती है, जिससे पारदर्शिता से बचा जा सके। नगर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले भी इस देरी के कारण प्रभावित हो रहे हैं। अब सवाल यह है कि नगर परिषद के जिम्मेदार कब तक इस मामले पर चुप्पी साधे रहेंगे और आखिर कब तक जनता को उनके अधिकारों से वंचित रखा जाएगा।

---

# झोपड़ी के पास लहूलुहान मिली अनूपपुर की महिला, इलाके में दहशत



**शहडोल। धनपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोनहा के घने जंगलों में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक खेत की झोपड़ी के पास 40 वर्षीय महिला की संदिग्ध लाश बरामद हुई। महिला का शरीर खून से लथपथ था, जो पहली नजर में ही किसी बड़ी वारदात की ओर इशारा कर रहा है। जंगल के बीचों-बीच मिली इस लाश ने पुलिसिया गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

### मोबाइल ने खोला पहचान का राज

घटना का खुलासा तब हुआ जब सुबह ग्रामीण मवेशी चराने जंगल की ओर निकले। शव के पास ही एक मोबाइल फोन मिला, जिसकी मदद से पुलिस ने मृतका की शिनाख्त फूल मति (निवासी भालूमाड़ा, जिला अनूपपुर) के रूप में की है। सवाल यह उठ रहा है कि अनूपपुर की रहने वाली महिला शहडोल के इस वीरान और निर्जन जंगल तक कैसे पहुँची? वह खुद यहाँ आई थी या उसे साजिश के तहत यहाँ लाया गया था?

### खून से सनी लाश

मौके पर पहुँचे उप निरीक्षक नागेंद्र सिंह और पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों के अनुसार, घटनास्थल पर काफी खून बिखरा हुआ था, जिससे हत्या की आशंका प्रबल हो रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन असल सच पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा। पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल्स और स्थानीय लोगों से पूछताछ के जरिए इस रहस्यमयी मौत की कड़ियाँ जोड़ने में जुटी है।

---

# कंपनी सुरक्षा समिति का व्हीटीसी पर औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं की सराहना





### दीप प्रज्वलन, सुरक्षा मार्गदर्शिका का विमोचन और ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ, सीपीआर प्रशिक्षण को खदानों तक ले जाने के निर्देश

**धनपुरी।** सोहागपुर एरिया 16 अप्रैल कंपनी सुरक्षा समिति ने गुरुवार को व्हीटीसी (Vocational Training Centre) का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण सुविधाओं, सुरक्षा इंतजामों और नवाचारों की सराहना की गई तथा कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

### श्रीफल व गुलाब से हुआ स्वागत

निरीक्षण दल के आगमन पर गोविंद सिंघल द्वारा सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से श्रीफल एवं गुलाब की कली भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान समिति के सदस्य आनंद मिश्रा, संजय सिंह, धर्मा राव, कमलेश शर्मा, ISO से अजीत मिश्रा, महाप्रबंधक (संचालन) मनीष श्रीवास्तव एवं क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी प्रसाद साहब मौजूद रहे।

### दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत

स्वागत के बाद एरिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद सुरक्षा मार्गदर्शिका एवं स्किन SOP का विधिवत विमोचन किया गया।

### ई-लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम के दौरान व्हीटीसी में तैयार की गई ई-लाइब्रेरी का भी शुभारंभ किया गया। अधिकारियों ने इसे प्रशिक्षण को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। निरीक्षण के दौरान समिति ने भोजन स्थल, सेल्फ असेसमेंट रूम, ट्रेनिंग गैलरी और वर्किंग मॉडल रूम का गहन निरीक्षण किया। भोजन व्यवस्था को संतोषजनक बताया गया, वहीं प्रशिक्षण कक्षों में किए गए प्रयासों की सराहना की गई।

### सिलाई केंद्र भी पहुंची टीम

व्हीटीसी के बाद निरीक्षण दल ने सिलाई केंद्र का भी दौरा किया और वहां संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की गई।

### सीपीआर प्रशिक्षण को लेकर दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान सीपीआर (Cardiopulmonary Resuscitation) प्रशिक्षण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। डमी पर प्रशिक्षण देखकर समिति के सदस्य काफी प्रभावित हुए। संजय सिंह ने स्वयं डमी पर सीपीआर का अभ्यास कर इसकी उपयोगिता बताई। उन्होंने निर्देश दिए कि खदानों में जाकर भी कर्मचारियों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि आपात स्थिति में जीवन बचाया जा सके।

### व्हीटीसी संचालन की हुई सराहना

समिति के सदस्यों ने व्हीटीसी की व्यवस्थाओं और संचालन की सराहना करते हुए महाप्रबंधक बी.के. जैना एवं महाप्रबंधक (संचालन) मनीष श्रीवास्तव सहित सोहागपुर क्षेत्र के समस्त कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह का सुव्यवस्थित प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

### गोविंद सिंघल के नेतृत्व में सफल आयोजन

पूरे निरीक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व गोविंद सिंघल ने किया। इस दौरान व्हीटीसी परिवार के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। अंत में व्हीटीसी परिवार की ओर से सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में भी इसी तरह सुरक्षा और प्रशिक्षण को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया गया।

---

# मेडिकल कॉलेज में पुलिस ने छात्रों को सिखाया आत्म-सम्मान और अनुशासन का पाठ



**शहडोल।** मेडिकल की पढ़ाई केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संवेदनशीलता और अनुशासन का भी क्षेत्र है। इसी संदेश के साथ गुरुवार 16 अप्रैल को स्थानीय बिरसा मुंडा शासकीय मेडिकल कॉलेज में रैगिंग जैसी कुप्रथा के विरुद्ध एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य भावी डॉक्टरों को एक सुरक्षित, गरिमामय और मैत्रीपूर्ण वातावरण प्रदान करना रहा।

**रैगिंग मनोरंजन नहीं, गंभीर अपराध**

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सोहागपुर थाना प्रभारी, निरीक्षक अरुण पांडे ने छात्र-छात्राओं को कानून की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कड़े लहजे में स्पष्ट किया कि रैगिंग अब महज एक शब्द नहीं, बल्कि एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा जूनियर्स के साथ परिचय के नाम पर की जाने वाली बदसलूकी न केवल पीड़ित छात्र के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा आघात करती है, बल्कि दोषी छात्र का करियर भी हमेशा के लिए बर्बाद कर सकती है। उन्होंने बताया कि रैगिंग के मामलों में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई और कॉलेज से निष्कासन जैसे कड़े प्रावधान हैं।

**भय नहीं, विश्वास का वातावरण जरूरी**

कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पुलिस टीम ने अपील की कि यदि कैंपस या हॉस्टल में किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि होती है, तो उसे चुपचाप सहने के बजाय तत्काल कॉलेज प्रशासन या पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले छात्र की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

**छात्रों ने लिया अनुशासन का संकल्प**

बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सुरक्षा, आपसी सम्मान और अनुशासन बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज का वरिष्ठ शैक्षणिक स्टाफ, सोहागपुर पुलिस टीम और बड़ी संख्या में भावी चिकित्सक उपस्थित रहे। पुलिस की इस सक्रियता से छात्रों के बीच सुरक्षा का भाव जागा है, जो एक स्वस्थ शैक्षणिक परिवेश के लिए सुखद संकेत है।

---

# जेसीबी के ऑयल चोर को पुलिस ने दबोचा, 50 हजार का माल बरामद

**शहडोल। अपराधियों के लिए काल बनी सोहागपुर पुलिस ने चोरी की एक बड़ी वारदात का पर्दाफाश करते हुए शातिर चोर को सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस ने न केवल आरोपी को गिरफ्तार किया, बल्कि उसके कब्जे से करीब 50 हजार रुपये की कीमत का चोरी गया माल भी बरामद कर लिया है।**

### शातिर चोर रामगोपाल चढ़ा हत्थे

बीती 17 मार्च को पुरानी बस्ती निवासी अमित कुमार विश्वकर्मा के यहां से जेसीबी कंपनी का कीमती हाइड्रोलिक इंजन ऑयल और फिल्टर किट चोरी हुई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घेराबंदी शुरू की। मुखबिरों के सटीक जाल और तकनीकी जांच के बाद 16 अप्रैल को पुलिस ने हरदी निवासी रामगोपाल यादव उम्र 27 वर्ष को दबोच लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी टूट गया और उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

### 50 हजार का माल जब्त

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए 14 डिब्बे हाइड्रोलिक इंजन ऑयल, फिल्टर किट और खाली डिब्बे बरामद किए हैं। बरामद माल की कुल कीमत लगभग 50 हजार रुपये आंकी गई है। थाना प्रभारी सोहागपुर, निरीक्षक अरुण कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में सउनि रामनारायण पाण्डेय और उनकी टीम ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही से इलाके के चोर-बदमाशों में हडक़ंप मचा हुआ है।

# ज्ञान की थाली में कीड़े, ट्राइबल यूनिवर्सिटी का मेस बना 'प्रयोगशाला'

## छात्राएं बोलीं-हम अपना अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय में इन दिनों पढ़ाई से ज्यादा चर्चा मेस की विशेष डिशों की हो रही है जहां कभी दाल में पानी तैरता है तो कभी सब्जी में कीड़े निकलते है जिसे मसाला बता कर इति श्री कर दिया जाता है। हालत यह है कि छात्राओं को अब पोषण नहीं, बल्कि 'सर्वाइवल ट्रेनिंग' दी जा रही है। तंग आकर 15 अप्रैल की रात छात्राओं ने मेस के सामने मोर्चा खोल दिया और साफ कह दिया कि अब ये कीड़ा युक्त स्पेशल थाली नहीं चलेगी।







हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

**अमरकंटक स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय में मेस व्यवस्था अब शिक्षा से ज्यादा व्यंग्य का विषय बन चुकी है। यहां छात्राओं को परोसा जाने वाला भोजन मानो किसी प्रयोगशाला का हिस्सा हो, जहां हर दिन नया "एक्सपेरिमेंट" होता है कभी कच्चा चावल, कभी पानीदार दाल, तो कभी कीड़ों से भरी सब्जी सामने आता रहता है। बीते सप्ताह इस मामले की शिकायत हिमाद्रि सिंह तक पहुंची, जिन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को फटकार लगाई और सुधार का आश्वासन भी मिला। लेकिन हालात जस के तस हैं। बीते वर्ष फूड पॉयजनिंग से सैकड़ों छात्राएं बीमार पड़ीं, फिर भी व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। उल्टा, आवाज उठाने वाले छात्रों को प्रैक्टिकल में नंबर काटने और फेल करने का डर दिखाया जाता है। ताजा विरोध प्रदर्शन ने साफ कर दिया है कि अब "थाली का सच" दबने वाला नहीं है। सवाल यह है कि क्या विश्वविद्यालय प्रशासन जागेगा या अगली "डिश" किसी बड़े हादसे का संकेत बन कर सामने आएगी?**

### थाली में पोषण नहीं, 'सरप्राइज पैकेज'

विश्वविद्यालय के मेस की हालत अब ऐसी हो गई है कि छात्राएं खाना लेने से पहले यह सोचती हैं कि आज क्या नया "सरप्राइज" मिलेगा। दाल में पानी की मात्रा इतनी कि उसमें नाव चल जाए, और सब्जी में कीड़े ऐसे जैसे प्रोटीन सप्लीमेंट हो। व्यंग्य यह है कि जहां शिक्षा का स्तर ऊंचा होना चाहिए, वहां खाने का स्तर जमीन के नीचे जा चुका है। छात्राएं कह रही हैं कि यह मेस नहीं, बल्कि "सहनशक्ति की परीक्षा" है, जहां हर निवाला एक चुनौती बन चुका है।

### आश्वासन का ओवरडोज, सुधार का जीरो डोज

हर शिकायत के बाद प्रशासन का एक ही रटा-रटाया जवाब सामने आता है "जल्द सुधार होगा।" सांसद हिमाद्रि सिंह की फटकार के बाद भी यही स्क्रिप्ट दोहराई गई है। लेकिन सुधार की जगह समस्याएं और परिपक्व हो गईं है। ऐसा लगता है कि प्रशासन ने "आश्वासन देने की कला" में पीएचडी कर ली है, लेकिन मेस सुधारना उनके सिलेबस में शामिल ही नहीं है। छात्राएं अब कह रही हैं कि आश्वासन नहीं, थाली में बदलाव चाहिए सिस्टम में सुधार चाहिए।

### बीमारी का इतिहास, लापरवाही का भविष्य

बीते साल फूड पॉयजनिंग से सैकड़ों छात्राएं बीमार पड़ीं रही है, लेकिन प्रशासन ने इस घटना को ऐसे दबाया जैसे यह कोई छोटी-मोटी बात हो। अब भी वही लापरवाही जारी है। व्यंग्य यह है कि यहां स्वास्थ्य सुरक्षा की जगह "बीमार पड़ने की गारंटी" मिलती है। सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है या फिर यह सब उनके लिए सामान्य दिनचर्या बन चुकी है?

### आवाज उठाओ, तो नंबर कटाओ

विश्वविद्यालय में लोकतंत्र की परिभाषा भी अनोखी है अगर आप अपनी समस्या उठाते हैं, तो आपको प्रैक्टिकल में कम नंबर, अटेंडेंस में कटौती या फेल होने का "इनाम" मिल सकता है। छात्राएं डर और गुस्से के बीच जी रही हैं। व्यंग्य यह है कि यहां शिक्षा नहीं, बल्कि "चुप रहने की ट्रेनिंग" दी जा रही है, ताकि सच्चाई बाहर न आए और सिस्टम आराम से चलता रहे।

### मेस में खाना कम, 'कमिशन' ज्यादा पक रहा है

सूत्रों की मानें तो मेस में गड़बड़ी के पीछे ठेकेदार और कमीशन का खेल चल रहा है। शिकायतों के बावजूद टेंडर रद्द नहीं होना इस बात की ओर इशारा करता है कि कहीं न कहीं "ऊपर तक सेटिंग" है। अब शिक्षक भी दबे स्वर में इस खेल की चर्चा कर रहे हैं। व्यंग्य यह है कि जहां रसोई में खाना पकना चाहिए, वहां "कमिशन की रेसिपी" तैयार हो रही है। बहरहाल अमरकंटक विश्वविद्यालय का मेस अब शिक्षा का हिस्सा नहीं, बल्कि "व्यंग्य की जीवंत कहानी" बन चुका है। छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ अब यह भी सीख रही हैं कि खराब सिस्टम के खिलाफ कब और कैसे खड़ा होना है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस "कीड़ा युक्त सच्चाई" को साफ करता है या फिर अगली खबर और भी ज्यादा "मसालेदार" बनती है।

# बोर्ड परीक्षा के परिणाम ही हमारे भविष्य की दिशा करते हैं तय- कलेक्टर




### प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं का आयोजित हुआ सम्मान समारोह

### शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि अनूपपुर जिला शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती है, जिसके परिणाम ही उनके भविष्य की दिशा निर्धारित करते हैं। अनूपपुर जिले ने इस वर्ष अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इन विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और समर्पण के कारण ही जिले ने हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) में प्रदेश में प्रथम तथा हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम-2026 के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बड़े सपने अवश्य देखने चाहिए, क्योंकि सपने ही सफलता की पहली सीढ़ी होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से निर्धारित करें और उसी दिशा में आगे बढ़ें। साथ ही उन्होंने कहा कि अच्छे कॉलेज में प्रवेश लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करें तथा जो विद्यार्थी सिविल सर्विसेज, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, चार्टर्ड अकाउंटेंसी सहित अन्य क्षेत्रों में करियर बनाना चाहते हैं, वे अभी से पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाएं। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों के सपनों को समझें और उन्हें पूरा करने में हर संभव सहयोग प्रदान करें, ताकि विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी ने कहा कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा का परिणाम विद्यार्थियों के करियर की एक महत्वपूर्ण शुरुआत होता है और यह उन्हें आगे बढ़ने की दिशा प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे निरंतर अधिक मेहनत करते हुए अपने सपनों को साकार करने का प्रयास करें। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी ने विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि वे अधिक से अधिक परिश्रम करें तथा अपने अभिभावकों, शिक्षकों और समाज का सम्मान करें, जिससे वे एक जिम्मेदार और सफल नागरिक बन सकें।

### कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी ने कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान अर्जित करने वाले कक्षा 10वीं की छात्रा खुशी साहू तथा कक्षा 12वीं के छात्र धीरज पांडेय को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इसी प्रकार जिला स्तरीय मेरिट सूची में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों कविता दुबे, गायत्री देवी, पीयुष जोगी, आयुषी शर्मा, सृष्टि पांडेय एवं रिचा सिंह राठौर तथा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों शिप्रा शर्मा, आकांक्षा उपाध्याय, सक्षम गुप्ता, मोनिका राठौर, आदित्य ताम्रकार, संस्कृति मिश्रा, मनमोहन पाठक, गायत्री केवट एवं सिद्धार्थ साहू को भी शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने बच्चों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक, जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो सहित विद्यार्थी एवं विद्यार्थियों के अभिभावक, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक तथा पत्रकार उपस्थित थे।

# पुष्पराजगढ़ में अंबेडकर जयंती पर आप का आयोजन, सामाजिक समता का संदेश




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ननघटी तिराहे पर 14 अप्रैल को आम आदमी पार्टी द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। मां नर्मदा की पावन धरती पर आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों सहित स्थानीय कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश संयुक्त सचिव किसान विंग समय लाल चंद्रवंशी के नेतृत्व में किया गया, जबकि अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहडोल जोन प्रभारी राम कृपाल सिंह आर्मो ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री बंशपाल टांडिया उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश सचिव विनोद कुमार सेन, प्रदेश संयुक्त सचिव ओबीसी विंग योगेश कुमार सोनी एवं जिलाध्यक्ष एसटी विंग सुखलाल रावत शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात आयोजित सभा में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समानता, शिक्षा और अधिकारों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं। इस अवसर पर अमोल सिंह, राम टेकाम, धनीराम केवट, रामलाल केवट सहित लगभग 60 से 70 कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का समापन सामाजिक न्याय और समानता के संकल्प के साथ हुआ।

## संरक्षा संबंधी कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन आंशिक रूप से रहेगा प्रभावित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा संरक्षा एवं ट्रैक अनुरक्षण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के कटनी ए केबिन (103 ए और 104 बी) में ब्लॉक लेकर संरक्षा संबन्धित कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल से संबंधित निम्न गाड़यों का परिचालन आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। 18 अप्रैल को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 68747 बिलासपुर/कटनी मेमू पैसेंजर उमरिया स्टेशन में समाप्त होगी तथा उमरिया से कटनी स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 18 अप्रैल कटनी से चलने वाली गाड़ी संख्या 68748 कटनी-बिलासपुर मेमू पैसेंजर उमरिया स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा कटनी से उमरिया स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी। 18 अप्रैल को चिरमिरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 61602 चिरमिरी/कटनी मेमू पैसेंजर झलवारा स्टेशन में समाप्त होगी तथा झलवारा से कटनी स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 18 अप्रैल कटनी से चलने वाली गाड़ी संख्या 61601 कटनी-चिरमिरी मेमू पैसेंजर झलवारा स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा कटनी से झलवारा स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी

# ऑल इंडिया वालीबॉल चैलेंजर्स टूर्नामेंट मैच का हुआ समापन

## हरियाणा (पुरूष) एवं उत्तराखंड (महिला) की टीम ने मारी बाजी



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** ऑल इंडिया वालीबॉल चैलेंजर्स टूर्नामेंट का फाईनल मैच पौराधार वॉलीबॉल ग्राउंड मे 15 अप्रैल को संपन्न हुआ। समापन मैच का शुभारंभ भारत माता के छाया चित्र पर पुष्प सुमन अर्पित कर, दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत किया गया। कार्यक्रम मे महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र एसईसीएल मनोज विश्वनोई, भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, अध्यक्ष नगर परिषद एवं जिला योजना समिति के सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया, हसदेव क्षेत्र श्रद्धा महिला समिति की अध्यक्ष डॉ. सरोज बाला बिश्नोई एवं समिति के अन्य महिला पदाधिकारियों के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ, इस अवसर पर अन्य अतिथियों के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अनूपपुर बृजेश गौतम, नगर पालिका कोतमा अध्यक्ष अजय सराफ, नगर परिषद बनगवां अध्यक्ष यशवंत सिंह, नगर परिषद डोला अध्यक्ष सुरेश रेनू कोल, यशवंत सिंह अध्यक्ष नगर परिषद, बनगवा, थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डूमरकछार मनोहर बिंझवार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनगवा लखन लाल पनिका, अजय यादव, उपाध्यक्ष नगर पालिका पसान, पार्षदगण, पार्षद प्रतिनिधि पार्वती सिंह, सरिता यादव, रवि सिंह, मनोज चंदेल, शैलेन्द्र सिह, कृष्णानंद शर्मा, डां. योगेश पालीवाल, समय पटेल, प्रमोद शुक्ला, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, श्रमिक नेता, हनी चौरसिया शिक्षिका, एसईसीएल के अधिकारी रघुवंशी, एपी विश्वकर्मा, द्विवेदी सिंह, एल के अधिकारी राजनीतिक पार्टियों के नेता जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र भट्ट, जिला उपाध्यक्ष भाजपा मदन त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रभात मिश्रा, जिला मंत्री भाजपा राकेश गुप्ता, राजेश सिंह जिला मीडिया प्रभारी भाजपा, चंद्रिका द्विवेदी जिला कार्यालय मंत्री, धर्मेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष पिछड़ावर्ग मोर्चा, रिंकू शर्मा मंडल अध्यक्ष बिजुरी, सतीश शर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बिजुरी, अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे, अतिथियों का आयोजकर्ता, फ्रेंड्स यूनियन क्लब पौराधार एवं परिषद कर्मचारियों द्वारा तिलक वंदन, माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। ऑल इंडिया व्हालीबॉल चैलेंजर्स टूर्नामेंट का आयोजन फ्रेंड्स यूनियन क्लब पौराधार के तत्वाधान, नगर परिषद डूमरकछार एवं संधान ट्रस्ट के सहयोग से किया गया, 04 दिनो से चल रहे टूर्नामेंट मे कुल 10 टीमो ने भाग लिया जिसमे डब्लूसीआर रेलवे जबलपुर, नदीयाड एकैडमी गुजरात, जयपुर (राजस्थान) देहरादून एकैडमी (उत्तराखंड) गुड़गांव (हरियाणा) एवं महिला टीम में रायपुर (छत्तीसगढ़) रविंद्र भारती एकैडमी (कोलकाता) उत्तराखंड एकेडमी गर्ल्स टीम, जयपुर (राजस्थान) और आर.एन.सी क्लब (नागपुर) की टीम शामिल रहे।

समापन मैच मे पुरूष टीम हरियाणा विरुद्ध राजस्थान, महिला टीम उत्तराखंड विरुद्ध रायपुर के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ, जिसमे हरियाणा टीम ने 3-1 से राजस्थान, उत्तराखंड टीम में 3-0 से रायपुर को हराकर मैच के विजेता बने, पुरुष विजेता उपविजेता टीम, महिला विजेता उपविजेता टीम को नकद पारितोषिक और और ट्रॉफी प्रदान किया गया। विश्नोई महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र ने अपने संबोधन में कहा कि इस छोटे से जगह में इतना बड़ा आयोजन करना अपने आप में बड़ी बात है सीमित साधनों में आयोजन समिति ने इस कार्य को किया है, ये बधाई के पात्र हैं मुझसे भविष्य में भी जो सहयोग बन पड़ेगा मैं सदैव करूंगा ताकि खेल और खिलाड़ी की भावना को सकारात्मक दशा और दिशा मिल सके। जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने अपने संबोधन में कहा कि निश्चित रूप से इस तरह के आयोजनों से युवाओं को और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है, मैं सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य कामना करता हूं। श्रीमती बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि निश्चित रूप से इस राष्ट्रीय आयोजन में महिलाओं की टीम का जो प्रतिनिधि दिया गया है, वह समाज में एक अनुकरणीय उदाहरण है, हमारी बेटियों ने भी बहुत बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। चौरसिया ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओ को खेल के प्रति रूचि लाना और प्रोत्साहित करना था, खेल समाज का अभिन्न अंग है। खेल से व्यक्तित्व का विकास भी होता है, खेल मे बेहतर प्रदर्शन आपको एक दिन राज्य और देश के लिए प्रतिनिधित्व का मौका भी दे सकता है। उक्त अवसर पर आयोजकगण एरिया अध्यक्ष एच.एम.एस सत्यदेव सिंह, रामनारायण यादव, रमेश सिंह, ठाकुर राम, आलोक मित्रा (केष्टो), सुदामा यादव, शिवपूजन सिंह चौहान, भरत भूषण सिंह एवं खेल प्रेमी वेदप्रकाश पाठक, अजय सिंह, आशिष राव, अशोक वर्मा, सुजीत पाण्डेय, दीवाकर सिंह, संजीत दूबे, करूणा सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, परिषद के कर्मचारी कमलेश त्रिपाठी, सत्येन्द्र चौहान, मुन्नापाल, एजाज अहमद, दीपक साह, पवन गौतम, टुन्ना नायक, राकेश अगरिया, महेश हरिजन, अजीत शुक्ला, नन्हे खेल प्रेमी-आर्यन, मुन्ना, आयुश, राजा, समी, मनीष, समीर, उज्जवल, अरविंद, दीपक तथा अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिकगण, खेलप्रेमी, मीडियाकर्मी, निर्णायक कमेटी मौजूद रहे, कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अनुप सिंह केवट, कमलेश त्रिपाठी एवं अखिलेश सिंह परिहार के द्वारा किया गया, कार्यक्रम के अंतिम में आलोक मित्रा केस्टो के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर अमरकंटक का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, कक्षा 10वीं में 93.1 एवं 12वीं में 94.4 सफलता



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का कक्षा दशम एवं कक्षा द्वादश का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यालय ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय देते हुए शानदार सफलता अर्जित की है। कक्षा दशम का परीक्षा परिणाम 93.1 प्रतिशत रहा। कुल 58 विद्यार्थियों में से 53 भैया प्रथम श्रेणी में तथा 1 भैया द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि मात्र 4 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। वहीं कक्षा द्वादश का परीक्षा परिणाम 94.4 प्रतिशत रहा, जिसमें कुल 36 विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें 32 भैया-बहन प्रथम श्रेणी तथा 2 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि 2 विद्यार्थी सफलता प्राप्त नहीं कर सके। विद्यालय के छात्रावास के विद्यार्थियों ने विशेष उपलब्धि हासिल की। छात्रावास में अध्ययनरत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सभी भैया प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जो विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। कक्षा दशम में छात्रावास के भैया विक्रांत साहू एवं दिगंबर मरावी ने 92-92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बहन सौम्या गुप्ता ने 90.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा दिव्यांश तिवारी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया। कक्षा द्वादश (कृषि संकाय) में भैया प्रदीप सिंह ने 86.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। भैया चैन सिंह ने 79.8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि 78.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान भी प्राप्त कर विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।